प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 21.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा– राज्य सरकार औद्योगिक विकास के प्रति प्रतिबद्ध, व्यवसाय के अनुकूल वातावरण सृजित करने के लिए निरंतर प्रयास जारी।

2. कर्मचारी भविष्य निधि लागू करने में लापरवाही पर झारखंड हाईकोर्ट सख्त, औद्योगिक ईकाइयों का जून 2026 तक उद्योग विभाग में पंजीकरण अनिवार्य।

3. रेलवे ने आगामी 26 दिसंबर से प्रभावी नई किराया संरचना की घोषणा की, साधारण श्रेणी में 215 किलोमीटर से कम की यात्राओं के लिए नहीं बढ़ाया जाएगा किराया।

4. केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने पूर्व अग्निवीरों का बीएसएफ में कांस्टेबल भर्ती के लिए बढ़ाया कोटा, अब 50 फीसदी होगा आरक्षण।

5. प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में चतरा जिला राज्य में अव्वल, कुल लक्ष्य का 64 दशमलव पांच सात प्रतिशत पूरा किया कार्य।

**********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि राज्य सरकार औद्योगिक विकास के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और सरकार व्यवसाय के अनुकूल वातावरण सृजित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने कल मुख्यमंत्री से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में औद्योगिक विकास, नीतियों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा औद्योगिक इकाइयों से संबंधित विभिन्न विषयों पर मुख्यमंत्री के साथ विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों और सुझावों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी तथा संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए जाएंगे।

**********************

झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने कर्मचारी भविष्य निधि, ईपीएफ कानून के प्रभावी क्रियान्वयन में राज्य सरकार और उद्योग विभाग की लगातार लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने राज्य में संचालित सभी औद्योगिक इकाइयों के लिए उद्योग विभाग में पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट आदेश दिया है कि राज्य की सभी पुरानी औद्योगिक इकाइयों को 30 जून 2026 तक उद्योग विभाग में पंजीकरण कराना होगा, जबकि नई कंपनियों को शुरुआत में ही पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 29 दिसंबर को प्रस्तावित जमशेदपुर भ्रमण को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। एसएसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि पूरे रूट का फिजिकल वेरिफिकेशन किया जा रहा है तथा सभी आवश्यक सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित किए जाएंगे।

**********************

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा है कि सभी संवैधानिक संस्थानों को संविधान की भावना के अनुरूप काम करना चाहिए ताकि लोगों को न्यायालय के फैसले उनकी अपनी भाषा में उपलब्ध हों। उत्तर प्रदेश के इटावा में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों का 16

भाषाओं में अनुवाद का काम शुरू कर दिया गया है। इसके अंतर्गत देश का कोई भी नागरिक अपने राज्य की भाषा में प्रमाणित अनुवादित प्रति पढ़ सकेगा।

**********************

रेलवे ने आगामी 26 दिसंबर से प्रभावी नई किराया संरचना की घोषणा की है। साधारण श्रेणी में दो सौ पंद्रह किलोमीटर से कम की यात्राओं के लिए किराया नहीं बढ़ाया जाएगा। इससे अधिक की यात्राओं के लिए साधारण श्रेणी में एक पैसा प्रति किलोमीटर और मेल/एक्सप्रेस नॉन–एसी और एसी श्रेणियों में दो पैसे प्रति किलोमीटर की किराया वृद्धि होगी। इस बदलाव से अनुमानित राजस्व लाभ 600 करोड़ रुपये है । वहीं 500 किलोमीटर की नॉन–एसी यात्रा करने वाले यात्रियों को 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे।

**********************

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में चतरा जिला ने राज्य स्तर पर नई पहचान के साथ पहला स्थान प्राप्त किया है। जिले को वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 6 हजार 448 लाभुकों का लक्ष्य मिला था। उपायुक्त कृति श्री के निर्देश पर लगातार पंचायतों में कैंप आयोजित कर त्रुटिरहित पंजीकरण पीएमएम–वी वाई पोर्टल पर किया गया जिसके परिणामस्वरूप 4 हजार 166 लाभुकों को योजना से जोड़ा गया। यह संख्या कुल लक्ष्य का 64 दशमलव पांच सात प्रतिशत है। उपायुक्त ने कहा है कि मातृ वंदन योजना केवल आर्थिक सहायता योजना नहीं बल्कि माताओं और नई पीढ़ी के लिए सुरक्षित भविष्य की नींव भी है।

**********************

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बीएसएफ में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व–अग्निवीरों का कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। इसके लिए बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स, जनरल ड्यूटी कैडर (नॉन–गजेटेड) भर्ती नियम, 2015 में संशोधन किया गया है। पूर्व–अग्निवीरों के पहले बैच को ऊपरी आयु सीमा में पांच साल तक छूट मिलेगी, जबकि बाकी पूर्व–अग्निवीरों को तीन साल की छूट मिलेगी।

**********************

श्रीनाथ विश्वविद्यालय, जमशेदपुर का प्रथम दीक्षांत समारोह 24 दिसंबर को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।इस दौरान झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। यह जानकारी संवाददाता सम्मेलन के दौरान विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुखदेव महतो ने दी। उन्होंने कहा कि समारोह में 2021 से 2023 सत्रों के छात्रों को 529 डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 44 छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

**********************

धनबाद के केंदुआडीह में कार्बन मोनोऑक्साइड गैस रिसाव की वजह से कोयला खनन क्षेत्रों के अग्नि प्रभावित इलाकों में रह रहे परिवारों को बेलगड़िया में शिफ्ट करने की कवायद एक बार फिर तेज हो गई है।

**********************

जमशेदपुर पुलिस ने एक बड़े अंतर्राज्जीय चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गोलमुरी थाना क्षेत्र में हुए एक चोरी के अनुसन्धान के क्रम में इस गिरोह का खुलासा किया। एसएसपी पियूष पाण्डेय ने बताया कि यह गिरोह बिहार के पटना का है और अंतर राज्यीय स्तर पर सक्रिय था।

**********************

देवघर में आज से सांसद खेल महोत्सव मैराथन दौड़ के साथ शुरू हुआ। जो 26 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती समेत 11 खेलों का आयोजन होगा । मौके पर सांसद निशिकांत दुबे ने कहा इससे खेल को बढ़ावा मिलेगा।इस खेल महोत्सव में हज़ारों खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

**********************

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख पच्चीस हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत  दो लाख 18 हजार रुपये प्रति किलो है।

**********************

आज दूसरा विश्व ध्यान दिवस मनाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पिछले वर्ष 21 दिसंबर को  विश्व ध्यान दिवस  की घोषणा की थी। यह तिथि उत्तरी गोलार्ध में शीतकालीन संक्रांति को ध्यान में रखते हुए चुनी गई है, जो आत्मनिरीक्षण और आंतरिक शांति का प्रतीक है।

**********************